वैश्विक स्तर पर भारतीय ऑटोमोटिव क्षेत्र ग्लोबल लीडर के रूप में उभर रहा है: लोक सभा अध्यक्ष

...

भारत कार्बन उत्सर्जन की कटौती की दिशा में प्रतिबद्ध: लोक सभा अध्यक्ष

...

FADA ने भारत में ऑटोमोबाइल उद्योग को सशक्त बनाने का काम किया है: लोक सभा अध्यक्ष

...

लोक सभा अध्यक्ष ने फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (FADA) की 12वीं ऑटो समिट को सम्बोधित किया

...

नई दिल्ली; 13 जनवरी, 2023: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (FADA) की 12वीं ऑटो समिट को सम्बोधित किया।

इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि FADA ने भारत में ऑटोमोबाइल उद्योग को सशक्त बनाने का काम किया है। उन्होंने आगे कहा कि देश में ऑटोमोबाइल उद्योग के विकास के लिए नीति निर्माण, व्यापार, ऑटो नीति, वाहन पंजीकरण प्रक्रिया, सड़क सुरक्षा और स्वच्छ पर्यावरण जैसे अनेक मुद्दों पर FADA के इनपुट और सुझाव देश के लिए लाभकारी सिद्ध हुए हैं। श्री बिरला ने ऑटोमोबाइल उद्योग और FADA द्वारा लाखों लोगों को रोजगार दिए जाने पर हर्ष व्यक्त किया और देश की प्रगति में प्रतिबद्धता के लिए FADA की सराहना की।

इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि FADA ने अपना सामाजिक उत्तरदायित्व भली भांति निभाया है। उन्होंने FADA द्वारा बदलती टेक्नोलॉजी के साथ बदलने के नए प्रयासों की सराहना की। श्री बिरला ने FADA द्वारा सभी ग्राहकों को पौधें देने की पहल को देश में पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। सामूहिक प्रयासों और समाज के प्रति समर्पण, सेवा से कार्य का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि भारत ने कोविड काल में सिद्ध किया कि सभी चुनौतियों को सामूहिक रूप से देश सामना कर सकता है। सड़क सुरक्षा, ग्राहक कल्याण एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में FADA द्वारा लिए गए प्रयासों को श्री बिरला ने सम्पूर्ण इंडस्ट्री के लिए प्रेरणादायक बताया।

जलवायु परिवर्तन के सन्दर्भ में श्री बिरला ने प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिए गए संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत कार्बन उत्सर्जन की कटौती की दिशा में प्रतिबद्ध है। ऑटो सेक्टर, विशेष कर FADA द्वारा इस संकल्प की दिशा में लिए जा रहे कदमों का श्री बिरला ने स्वागत किया।

विश्व में बदलते परिपेक्ष के विषय में श्री बिरला ने कहा कि यह युग इलेक्ट्रिक व्हीकल का है। उन्होंने आगे कहा कि यह परिवर्तन का दौर है और इस परिवर्तन के दौर में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका डीलर्स की है; इंडस्ट्री और ग्राहक को डीलर आपस में जोड़ते हैं। श्री बिरला ने कहा कि नई तकनीकी, नए इनोवेशन, नवाचार के दौर में मैन्युफैक्चरर नए बदलाव कर रहे हैं और उनके साथ डीलर भी नए इनोवेशन से कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं।

सड़क सुरक्षा की दिशा में लिए गए कदमों की चर्चा करते हुए श्री बिरला ने कहा कि मैन्युफैक्चर डीलर और ग्राहक का मजबूत संबंध के आधार पर FADA ने व्यापक अभियान चलाया है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि सड़क दुर्घटनाए 50% कम हों तथा इस संकल्प को पूरा करने में निर्माता, डीलर और ग्राहक सभी का योगदान होगा। डीलर और ग्राहक के बीच निकट संबंधों के सन्दर्भ में श्री बिरला ने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए डीलर, निर्माताओं को इनोवेशन और रिसर्च प्रदान कर सकते हैं जिससे बचाव के त्वरित उपाय किये जा सकते हैं और दुर्घटना के पीड़ितों को मदद मिल सकती है।

भारत के तीव्र आर्थिक विकास का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि आज के समय में भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, और सम्पूर्ण विश्व की 5वी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। उन्होंने आगे कहा कि भारत आर्थिक दृष्टिकोण से सबसे उपयुक्त देश है। श्री बिरला ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारतीय ऑटोमोटिव क्षेत्र ग्लोबल लीडर के रूप में उभर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि इनोवेशन, रिसर्च के आधार पर देश के युवा विश्व का नेतृत्व कर रहे हैं।